दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (अगस्त)

कक्षा-पाँचवीं विषय-हिंदी

उपविषय-अपठित काव्यांश, सर्वनाम, लिंग

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चारों ओर गंदगी फैली,

कूड़े-करकट का अंबार।

यह तो है बाहरी गंदगी,

कर लो तुम इसका उपचार।।

मंत्र स्वच्छता का अपनाओ,

स्वस्थ,सबल जीवन का दान।

दूर करो गंदगी, बच्चों,

करो देश भर का कल्याण।।

दूर गंदगी होने से,

खुशियों का संसार बसेगा।

बस्ती अपनी सुंदर होगी,

वायु,देह,मन शुद्ध रहेगा।

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए।

क) चारों ओर क्या फैली है?

अ)खुशहाली ब)उदासी स) गंदगी

ख) हमें कौन-सा मंत्र अपनाना चाहिए?

अ)अस्वच्छता का ब)स्वच्छता का स) भक्ति का

ग) गंदगी दूर होने से क्या शुद्ध रहेगा?

अ) वायु,देह,मन ब)तन,मन,धन स)घन,वन,जन

प्र०2 निम्नलिखित शब्दों के समानतुक शब्द लिखिए।

क) अंबार ख) बसेगा

प्र०3 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए।

क) आपको <u>कोई</u> बुला रहा है।

ख)मैं अपना काम <u>खुद</u> करती हूँ।

ग) <u>जो</u> खेल रहा है <u>वह</u> मेरा भाई है।

प्र०4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।

क) <u>गायक</u> गाना गा रहा है।

ख)<u>पुजारी</u> मंदिर में बैठा है।